MAADHYAM IAS

'way to achieve your dream'

# UKPCS Mains Exam-2023
# Language (Question Paper)

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

No. of Printed Pages : 8

**SPS-01**

**2023**

**भाषा**

**(Language)**

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 300*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 300*

**भाग – 1 / Part – 1**

**अधिकतम अंक – 20** **Maximum Marks – 20**

**नोट :** इस भाग में कुल **15** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

1. जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय हो उसे रचना की दृष्टि से कौन सा वाक्य कहा जाएगा ?
[ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

2. 'मुझे पता ही नहीं चला कि तुम कब आए ।' रचना की दृष्टि से यह कौन सा वाक्य है ?
[ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

3. निम्नांकित वाक्य को प्रश्नवाचक बनाइये :
'सूर्य पूर्व से निकलता है ।' [ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

4. 'उसने लक्ष्य पाने के लिए हर संभव प्रयत्न किए ।'
वाक्य को नकारात्मक अर्थ में बदलिए । [ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

5. 'उसने सोते जागते करवटें बदलते रात काट दी ।' वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न लगाइये ।
[ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

6. उद्धरण चिह्न कितने प्रकार के होते हैं ? उनके सूचक निशान बताइये । [ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **01**

7. निम्नांकित वाक्य को शुद्ध कीजिए :
महामारी बढ़ने की संभावना है। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 01

8. 'वहाँ अनाधिकृत प्रवेश का निषेध था।'
वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 01

9. 'जल' के महत्त्व को दर्शाने वाला एक स्लोगन लिखिए। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 01

10. स्लोगन की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 01

11. (i) 'आकृति' का पर्यायवाची नहीं है :
बनावट, आकार, निराकृति, गठन
(ii) 'उचित' का समानार्थी है :
उपर्युक्त, सम्यक्, उपरोक्त, अनुसूचित [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 02

12. (i) 'प्राचीन' का विलोम शब्द है :
अर्वाचीन, समीचीन, वर्तमान, आमीन
(ii) 'अन्तर' शब्द के दो अर्थ लिखिए। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 02

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

13. (i) 'पंक्ति' का अर्थ बताइये तथा समूहवाची के रूप में वाक्यगत प्रयोग कीजिए।
(ii) 'अभिज्ञ' और 'अनभिज्ञ' शब्दों के अर्थ लिखिए तथा उनका वाक्यगत प्रयोग कीजिए।
[ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 02

14. (i) पारिभाषिक शब्द से क्या तात्पर्य है ? उदाहरण देकर समझाइये।
(ii) 'विचार-विमर्श' का वाक्यगत प्रयोग कीजिए। [ उत्तर सीमा : 20 शब्द ] 02

15. निम्नांकित वाक्यांशों के लिए **एक** शब्द लिखिए :

(i) जो खाने योग्य न हो ।

(ii) पूर्व और दक्षिण का कोण ।

निम्नांकित संज्ञाओं को संक्षिप्ताक्षर में लिखिए :

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ

(ii) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय [ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **02**

## भाग – 2 / Part – 2

**अधिकतम अंक – 50** **Maximum Marks – 50**

**नोट :** 1. इस भाग में कुल **11** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।

16. उद्गम के आधार पर हिन्दी के कितने शब्द-भेद हैं ? प्रत्येक का एक-एक उदाहरण लिखिए । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

17. रूढ़ तथा यौगिक शब्दों का भेद समझाते हुए किन्हीं चार यौगिक शब्दों का उल्लेख कीजिए । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

18. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए :
व्यवहारिक, उपरोक, अनाधिकृत, उत्क्रष्ट, ग्यापन [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

19. 'अति' और 'अधि' उपसर्ग लगाकर कोई तीन और 'आई' प्रत्यय लगाकर कोई दो सार्थक शब्द लिखिए । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

20. (i) स्वर और व्यंजन के मेल से जो विकार विसर्ग में होता है, उस सन्धि का नाम बताइये तथा कोई तीन उदाहरण लिखिए ।

(ii) तत्पुरुष समास के कोई दो उदाहरण लिखिए । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

21. (i) 'वह', 'यह' और 'किस' का बहुवचन बनाइये ।

(ii) 'गागर' और 'फोड़ा' का लिंग निर्धारण (नाम) बताइये । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

22. प्रेरणात्मक, संयुक्त तथा पूर्वकालिक क्रियाओं से कुल पाँच (सभी से न्यूनतम एक) उदाहरण लिखिए ।

[ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

23. निम्नांकित वाक्यों का वाच्य नामांकित कीजिए :

(i) कपड़ा सिया जाता है ।

(ii) मुझसे यह बोझ उठाया न जाएगा ।

(iii) लड़का दौड़ता है ।

(iv) रानी ने सहेलियों को बुलाया ।

(v) इस धूप में चला नहीं जाता । [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

24. Translate the following into English :

निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

मनुष्य के पास उसका चरित्र सबसे बड़ी शक्ति है; यही शक्ति उसे आत्मबल देती है । प्रत्येक युग में आचरण का महत्त्व रहा है । [ उत्तर सीमा : **20** शब्द ] **02**

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

25. Translate the following into Hindi :

निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Kiran is from Angami tribe, which she says is, "geographically distant from the Chang tribe". We don't speak the same language, but have the same cultural affinity, even though many cultural practices are different. [ उत्तर सीमा : **30** शब्द ] **03**

26. Rewrite the following passage correctly :

The story of the year floods in Assam is also the story its crumbling embankments. The swollen brahmaputra and barak river and their tributaries have left a trail of destruction. [ उत्तर सीमा : **50** शब्द ] **05**

अधिकतम अंक – 55 **Maximum Marks – 55**

नोट : 1. इस भाग में कुल **05** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।

27. Read the following passage carefully and answer the questions given at the end of the passage :

My first entry into public life was as a speaker in the colleges as the chosen guest of the students of the citites of India. To speak from larger platforms to larger audiences came much later, but it never brought to me the thrill that I still remember of those little audiences in attentively listening to me with avid faces and those burning eyes looking into future and demanding an answer from the time spirit. Today I stand amongst you once more as the representative of the spirit of India. You have come from North and South, East and West and the central heart of India, – you who represent many races today, many creeds today, many sects today, all times of civilization, all kinds of traditions, all kinds of conflicts, and yet united by the one burning desire to serve your country, to serve her from bondage, to enthrone her among the states, you have come together at the call of the nation, – you who have made a response to the voice that have trumpeted forth saying, "stand forth, you, young generation, and break the shackles of your mother". What is the message that I can deliver to you ?

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

**Questions :**

(i) The author of the passage refers to a dream of future. Elaborate.

(ii) According to the author, what is 'the call of the nation' ?

(iii) What is the antonym of the word 'thrill' ? In what context is it used in the passage ?

(iv) How does the author advocate the ideal of 'Unity in Diversity' in the passage ?

(v) Provide synonyms for the words, 'desire' and 'conflict'. [ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] **10**

28. राजभाषा परिनियमावली से क्या आशय है ? इसके प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख कीजिए ।

[ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] **10**

29. वर्तनी के मानकीकरण के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

हिन्दी व्याकरण के मानकीकरण पर प्रकाश डालिए ।

**अथवा**

देवनागरी लिपि की विशेषताओं को समझाइये ।

**अथवा**

हिन्दी की उन ध्वनियों पर प्रकाश डालिए जिनके उच्चारण और लिप्यान्तरण में प्रथम दृष्टया असंगति दिखाई देती है । [ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] **10**

30. निम्नांकित लोकोक्ति एवं मुहावरों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) उल्टी गंगा बहाना । (ii) एक ही थैली के चट्टे-बट्टे (iii) घर का न घाट का (iv) घाट घाट का पानी पीना (v) टका सा जवाब देना । (vi) तूती बोलना (vii) नदी नाव संयोग होना (viii) बगुला भगत होना । [ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] **10**

MAADHYAM IAS

31. किसी देश की संस्कृति जानने के लिए वहाँ के साहित्य का पूरा अध्ययन नितान्त आवश्यक है । साहित्य किसी देश या जाति के विकास का चिह्न है । साहित्य से किसी भी राष्ट्र के धार्मिक विचारों, सामाजिक संगठन, ऐतिहासिक घटनाचक्र तथा राजनीतिक परिस्थितियों का परिचय मिल जाता है । भारतीय संस्कृति के मूल आधार हमारे साहित्य के अमूल्य ग्रन्थ हैं जिनसे भारत की आन्तरिक एकता का ज्ञान हो जाता है । हमारे देश की बाहरी विविधता भारतीय वांगमय के रूप में बहने वाली विचार और संस्कृति की एकता को ढूँढ़ लेती है । वाङ्मय की आत्मा एक है; पर वह अनेक रूपों, भाषाओं तथा परिस्थितियों में हमारे सामने आता है ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) गद्यांश का सार-संक्षेप एक-तिहाई शब्दों में लिखिए । [ उत्तर सीमा : **125** शब्द ] **15 (5+5+5)**

अधिकतम अंक – 175 Maximum Marks – 175

नोट : 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।

3. निबन्ध लेखन हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में से किसी एक भाषा में किया जा सकता है ।

32. साहित्य की समृद्धि के लिए किन-किन विषयों के और कैसे-कैसे ग्रन्थों की आवश्यकता है, यह निवेदन करने की शक्ति मुझमें नहीं । जिस भाषा के साहित्य में, जिधर देखिए उधर ही अभाव ही अभाव देख पड़ता है, उसकी उन्नति के निमित्त यह कहने के लिए जगह ही कहाँ कि यह लिखिए; वह लिखिए या पहले यह लिखिए । जो जिस विषय का ज्ञाता है अथवा जो विषय जिसे अधिक मनोरंजक जान पड़ता है उसे उसी विषय की ग्रन्थ-रचना करनी चाहिए । साहित्य की जितनी शाखाएँ हैं – ज्ञानार्जन के जितने साधन हैं – सभी को अपनी भाषा में सुलभ कर देने की चेष्टा करनी चाहिए । साहित्य की दो एक बहुत ही महत्त्वमयी शाखाओं को अस्तित्व में लाने के लिए ग्रन्थ-प्रणयन के विषय में, पहले भी कहा जा चुका है । <u>अपनी ही भाषा के साहित्य से जनता की यथेष्ट ज्ञानोन्नति हो सकती है । विदेशी भाषाओं के साहित्य से यह बात कदापि संभव नहीं</u> । हमारा इतिहास, हमारा विकास, हमारी सभ्यता बिलकुल ही भिन्न प्रकार की है । विदेशी साहित्य के उन्मुक्त द्वार से आयी हुई सभ्यता हमारी सभ्यता को निरन्तर ही बांधा पहुँचाती रहेगी । फल यह होगा कि हम अपने गौरव और आत्म-भाव को भूल जाएँगे । इससे हमारी जातीयता ही नष्ट हो जाएगी । और, जो देश अपना इतिहास और जातीयता खो देता है उसके पास फिर रह ही क्या जाता है ? अतएव हमारा परम धर्म है कि हम अपने ही साहित्य की सृष्टि और उन्नति करें । एतदर्थ हमें चाहिए कि हम, <u>हिन्दी के साहित्य-कोश में अपने पूर्व-पुरुषों के द्वारा अर्जित ज्ञान का भी संचय करें और विदेशी भाषाओं के साहित्य में भी जो ज्ञान हमारे मतलब का हो उसे भी लाकर उसमें भर दें</u> । विदेशी ज्ञान अरबी, फ़ारसी, अँगरेज़ी, फ्रेन्च, जर्मनी, चीनी, जापानी आदि किसी भी भाषा में क्यों न पाया जाता हो, हमें निःसंकोच उसे ग्रहण कर लेना चाहिए । हमारी सभ्यता पर सिक्खों, पारसियों, मुसलमानों, अँगरेज़ों, चीनियों और जापानियों तक की सभ्यता का प्रभाव पड़ा है । जैनों और बौद्धों की सभ्यता का तो कुछ कहना ही नहीं । अतएव इन जातियों और धर्मानुयायियों के साहित्यों से भी उपादेय अंश ग्रहण करके हमें अपने साहित्य की पूर्ति करना चाहिए ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए ।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । [ उत्तर सीमा : 250 शब्द ] 15 (2+5+8)

33. कार्यालय प्रमुख के नाते अपने अधीनस्थों को एक आदेश का नमूना प्रस्तुत कीजिए जिसमें समय की पाबन्दी और स्वच्छता पर कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया हो । [ उत्तर सीमा : 250 शब्द ] 20

MAADHYAM IAS

34. कम्प्यूटर से सम्बन्धित किन्हीं **दो** का परिचय दीजिए :

(i) हार्डवेयर

(ii) सॉफ्टवेयर

(iii) पी.सी.

(iv) डाटा बेस

(v) प्रोग्रामिंग लैंग्वेज [ उत्तर सीमा : **250** शब्द ] **10**

35. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का चयन करते हुए, हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिए :
Write an Essay on any **one** of the following topics in Hindi **OR** English Language : [ उत्तर सीमा : लगभग **500** शब्द ] **55**

(i) जोशीमठ भूस्खलन एक मानवजन्य त्रासदी है न कि प्राकृतिक आपदा
Joshimath landslide is more of a man-made tragedy and less of a natural calamity

(ii) उत्तराखण्ड की जैव-विविधता
Biodiversity of Uttarakhand

(iii) उत्तराखण्ड की संस्कृति एवं कला को दर्शाने वाले स्थल
The sites that exhibit the art and culture of Uttarakhand

(iv) महिला सशक्तिकरण उत्तराखण्ड को राष्ट्र का एक सशक्त प्रदेश बनाने के लिए एक आवश्यक कदम है ।
Empowering women is essential step to make Uttarakhand a developed state of the nation.

36. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का चयन करते हुए, हिन्दी **अथवा** अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिए :
Write an Essay on any **one** of the following topics in Hindi **OR** English Language : [ उत्तर सीमा : लगभग **700** शब्द ] **75**

(i) सार्वभौमिक-आधारभूत-आय जन वितरण प्रणाली का एक सुगम विकल्प है ।
Universal-basic-income has the great potential to replace public distribution system.

(ii) सोशल मीडिया हमारे युवा को किस दिशा में लेकर जाएगा ?
Where do social media will ultimately lead our youth to ?

(iii) जीवाश्म ऊर्जा के वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की सम्भावना व प्रभावकारिता
Potential and possibilities of alternate mode of energy in replacing the fossil fuel

(iv) भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य मिशन
Various health missions of the Government of India

(v) भारतीय अर्थव्यवस्था में महिला उद्यमिता की भूमिका
Role of women entrepreneurship in the Indian economy

---

MAADHYAM IAS